संक्षिप्त

प्रधान रोहिताश्व धागड का किया स्वागत

झुंझुनूं,(निसं)। चिडावा पंचायत समिति के प्रधान पद का प्रभार संभालने के बाद प्रधान रोहिताश्व धागड का झुंझुनूं मुख्यालय स्थित भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत अभिनंदन किया । रोहिताश्व धागड का साफा – माला व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया । इस मौके पर जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी ने कहा कि चिडावा पंचायत समिति में अब भ्रष्टाचार का अंत हुआ। क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे । इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष कमल कान्त शर्मा, पूर्व जिला महामंत्री राजेश बाबल, वरिष्ठ भाजपा नेता महेश बसावतिया, नगर महामंत्री रवि लांबा, पार्षद विजय सैनी, संजय मोरवाल, जयपहाडी सरपंच यशपाल सिंह शेखावत, अभिषेक जोशी, नगर उपाध्यक्ष ललित जोशी, रामनिवास सैनी, श्रवण सैनी, रामचन्द्र शर्मा पटोदा सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

बाल वाटिका का शुभारंभ

सादुलपुर, (ओमप्रकाश)। पीएम श्री शहीद हरिसिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हमीरवास में प्री–प्राइमरी कक्षाओं का शुभारंभ सरपंच प्रतिनिधि विजेंद्र मेहरा एवं एसडीएमसी सदस्यों द्वारा रिबन काटकर किया गया। मंगलवार शाम चार बजे दी जानकारी में प्रधानाचार्य नरेश बिशु ने बताया कि विद्यालय में पूर्व प्राथमिक कक्षाओं में नवप्रवेशित 15 विद्यार्थियों का विद्यालय परिवार द्वारा माला पहनाकर एवं स्टडी मटेरियल प्रदान कर स्वागत किया गया। गौरतलब है कि विभागीय निर्देशानुसार ०2 दिसंबर से संचालित नर्सरी में 2, एलकेजी में 5, यूकेजी में 8 बच्चों ने प्रवेश लिया है। इस अवसर पर राकेश फौजी, सूरत सिंह धागड, मनजीत पूनिया, बलवीर श्योराण, हरिकांत पूनिया, ईश्वरसिंह सिंहमार, धर्मा सांगवान एवं समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

बैठक आयोजित

चूरू, (का.सं.)। तहसीलदार अशोक गोरा की अध्यक्षता में सोमवार को चूरू पंचायत समिति सभागार में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय योजनाओं एवं आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गईइस मौके पर तहसीलदार गोरा ने सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को अपने विभाग की योजनाएं आमजन तक पहुंचाने के निर्देश दिए तथा संपर्क पोर्टल, सीएमओ.पीएमओ प्रकरण, रात्रि चौपाल, जन सुनवाई में प्राप्त होने वाली परिवेदनाओं का समय पर निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही संबंधित विभागों को बजट घोषणाओं के शीघ्र क्रियान्वयन हेतु निर्देशित किया।इसके बाद तहसीलदार ने पंचायत समिति में विशेष योग्यजनों को 80 प्रतिशत या अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांगजनों को मोटराईज्ड ट्राईसाईकिल एवं अन्य सहायक अंग एवं उपकरणों के वितरण बाबत आयोजित शिविर का निरीक्षण किया।इस मौके पर नायब तहसीलदार चुन्नीलाल, निजी सहायक सुरेश कुमार, जेडीवीवीएनएल एक्सईन वीएल सैनी, पीएचईडी से प्रेम कुमार, वन विभाग से पवन शर्मा, आयुर्वेद से डॉ संजय तंवर, बीसीएमओ डॉ जगदीश भाटी, नगरपालिका रतननगर से रवि रागवानी, पंचायत समिति से मनोज कुमार, समाज कल्याण से रघुवीर सिंह, पीडब्लूयूडी से चंचल, सांख्यिकी से पुष्पा आदि उपस्थित रहे।

सेमिनार का हुआ आयोजन

सीकर। बगड़िया बाल विद्या निकेतन लक्ष्मणगढ़ प्रांगण में विद्यार्थियों को स्कूली शिक्षा पूरी करने के उपरांत भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों से अवगत कराने के लिए एक कैरियर कॉउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य मार्गदर्शक औऱ वक्ता के तौर पर प्रज्ज्वल शर्मा ने वाणिज्य संकाय से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों के बारे में बच्चों को जानकारी दी व विद्यार्थियों के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब दे कर उनकी जिज्ञासा व शंकाओं का समाधान किया। उनके साथ चार्टर्ड अकाउंटेंट राजेश लोचन ने भी बच्चों के साथ अपना अनुभव सांझा किया।बगड़िया स्कूल के सचिव पवन गोयनका और संस्था के कार्यवाहक प्राचार्य गणेश शर्मा ने दोनों अतिथियों का माल्यार्पण कर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके द्वारा किये गए बच्चों के मार्गदर्शन के लिए आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन नरेश पूनिया ने किया।

पत्रकारों ने पुण्यतिथि पर माधव शर्मा को श्रद्धांजलि दी

चूरू, (का.सं.)। चूरू नगर परिषद के पूर्व सभापति एवं पत्रकार माधव शर्मा की तृतीय पुण्यतिथि पर सूचना केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में पत्रकारों एवं जनसंपर्क कर्मियों ने उन्हें याद किया और श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर एडीपीआर कुमार अजय ने कहा कि चूरू के विकास से जुड़े मुद्दों के लिए सदैव ही मुखर रहे। विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक मुद्दों पर उनकी पकड़ देखते ही बनती थी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की राजनीति, समाज, संस्कृति और इतिहास में रूचि रखने वाले लोगों के लिए वे एनसाईक्लोपीडिया की तरह थे और सामाजिक सरोकार के मसलों पर हमेशा सक्रिय। माधव शर्मा की अध्ययनशीलता गजब थी और पत्रकारिता, जनसंपर्क और लेखन के क्षेत्र में जुड़े लोगों को उनसे सीखना चाहिए। एपीआरओ मनीष कुमार ने कहा कि चूरू के विकास के लिए माधव शर्मा की सजगता व सक्रियता और उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष देशदीपक किरोड़ीवाल ने कहा कि माधव शर्मा समाज व देश के हित में अंतिम समय तक चिंतित व सक्रिय रहे।

चूरू के सूचना केंद्र में वरिष्ठ पत्रकार माधव शर्मा की पुण्य तिथि पर सूचना एवं जनसंपर्ककर्मियों एवं मीडियाकर्मियों ने श्रद्धांजली दी।

राष्ट्रीय परख सर्वेक्षण का आयोजन आज

चूरू, (का.सं.)। एन सी ई आर टी की ओर से चूरू में 4 दिसंबर को परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण.2024 का आयोजन किया जाएगा। पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय चूरू के प्राचार्य एवं जिला संयोजक सीबीएसई कृष्ण सिंह चौहान ने बताया कि जिले में इस सर्वेक्षण के लिए 89 स्कूलों का चयन किया गया है। इनमें केंद्रीय विद्यालय , नवोदय विद्यालय , राज्य सरकार के और निजी विद्यालय शामिल हैं। सर्वेक्षण में कक्षा 3, 6 और 9 के विद्यार्थी शामिल होंगे। परख सर्वेक्षण में बच्चों को प्रश्न पत्र और ओ एम आर शीट दी जाएंगी । इस पेपर में बहु विकल्पी सवाल होंगे। इन सवालों के उत्तर बच्चों को ओ एम आर शीट पर देने होंगे। कक्षा 3 के विद्यार्थियों की ओएमआर वीक्षक स्वयं भरेंगे । परख में कक्षा 3 के पेपर में 45 सवाल होंगे। जिन्हें 90 मिनट में हल करना होगा। कक्षा 6 में 90 मिनट में 51 सवाल हल करने होंगे। इसी तरह से कक्षा 9 में 120 मिनट में 60 सवालों के जवाब देने होंगे।

पंजीयन सह परीक्षण शिविर का आयोजन

सादुलपुर, (ओमप्रकाश)। भारत सरकार की एडिप योजनान्तर्गत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा पंचायत समिति परिसर राजगढ में योग्यजनों के लिए एलिम्कों द्वारा 8० प्रतिशत या अधिक दिव्यांगता वालों के लिये पंजीयन सह परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

मंगलवार शाम पांच बजे शिविर प्रभारी सामाजिक सुरक्षा अधिकारी चरण कमल ने जानकारी देकर बताया कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से 1०० से अधिक विशेष योग्यजनों ने शिविर में भाग लिया तथा उनमें से 2० विशेष योग्यजनों को उपकरणों के लिए पात्र पाया गया।

उन्होने बताया कि शिविर में पंजीयन कराने वाले विशेष योग्यजनों को सरकार द्वारा उपकरण प्रदान किये जाएंगे। शिविर में सहायक लेखा अधिकारी संदीप चाहर उपस्थित रहे।

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भारत माता के कोहिनूर है : मनोज मील

झुंझुनूं,(निसं)। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में भारत रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के जन्म दिन को अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाया गया। उपभोक्ता आयोग में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के छायाचित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर संकल्प लिया गया कि अनवरत न्याय पथ को मजबूत करने का काम करने के साथ ही उपभोक्ता अधिकारों से आमजन को अवगत करवाते हुए अन्तिम पंक्ति के व्यक्ति को भी सरल व सुलभ न्याय उपलब्ध करवाने का सतत प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर मीडिया से चर्चा करते हुए उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने कहा कि अधिवक्ता समाज के अमिट हस्ताक्षर के रूप में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद हमेशा हमारे हृदय में रहेंगे। उन्होंने कहा कि डॅ. राजेन्द्र प्रसाद हमारे देश की आजादी.ए.जंग के मजबूत सैनानी होने के साथ ही भारत माता के असली कोहिनूर है। जिनकी अध्यक्षता में भारत के संविधान का सुनहरा व सुन्दर लिपिबद्ध करने का बिरला काम डॉ. भीमराव अम्बेडकर के माध्यम से सम्पूर्ण होना एक अद्वितीय कार्य है। आज आम जनता को कानून और न्याय के पथ पर चलने का सौभाग्य देने की इबारतें लिखने में डॉ. प्रसाद का अविस्मरणीय योगदान है। अधिवक्ता दिवस के मौके पर उपभोक्ता आयोग की सदस्या नीतू सैनी, जिला अभिभाषक संस्था के सचिव एडवोकेट अमरपाल, सुभाषचंद्र शर्मा, अमजद अली, मुकेश वशिष्ठ, द्वारका प्रसाद वर्मा, संदीप सैनी, एडवोकेट कुर्बान, रवीन्द्र लाम्बा, फूलचंद सैनी, कैलाश जांगिड, लाल बहादुर जैन, होशियार सिंह, सहायक प्रशासनिक अधिकारी सीताराम स्वामी, चन्दन सैनी, महावीर मीणा, एजाज अली, अमित शर्मा, आदिल फारूकी, रामस्वरूप गुर्जर सहित बडी संख्या में आमजन के द्वारा सुबह से देर शाम तक डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने का कारवा चलता रहा। 5० वर्षों से वकालत करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ताओं का उपभोक्ता आयोग करेगा अभिनन्दन – उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने अधिवक्ता दिवस के मौके पर बताया कि झुंझुनूं जिले के सभी न्यायालयों में 5० वर्षों से वकालत करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ताओं का अभिनन्दन कार्यक्रम रखा जायेगा।

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में भारत रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के जन्म दिन को अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाया गया।

'बीमा अभियान के लिए आमजन को करें जागरूक'

झुंझुनूं,(निसं)। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने कहा है कि लोगों की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में बीमा एक महत्वपूर्ण माध्यम है और हर व्यक्ति तक बीमा को पहुंचाने के लिए सबको बीमा अभियान 2०47 को लेकर अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जाना चाहिए। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा मंगलवार को जिला स्तरीय बीमा समिति की पहली मासिक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भारतीय जीवन बीमा निगम प्रतिनिधि से कहा कि वे राजीविका गतिविधियों से जुडी दक्ष महिलाओं को बीमा गतिविधियों से जोडें। ये महिलाएं सबको बीमा अभियान अंतर्गत महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकती हैं। इससे स्वयं इन महिलाओं की आय में भी इजाफा होगा और बीमित व्यक्ति के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। जिला कलेक्टर ने इस दौरान विभिन्न बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों से कहा कि वे जिले में अब तक हो चुके बीमा कार्य की जानकारी प्राप्त करें और फिर वंचितों के बीमा के लिए शिविर लगाकर तथा अभियान चलाकर प्रयास करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की जा रही बीमा सखी योजना को लेकर अधिक से अधिक जागरूकता फैलाएं। बीमा साक्षरता के लिए जिले के शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रमों का आयोजन करें। रोजगार विभाग के माध्यम से होने वाले शिविरों, मेलों में भी बीमा कम्पनी प्रतिनिधि बीमा से सम्बन्धित जानकारी का प्रचार – प्रसार करें। उन्होंने कहा कि समिति की बैठक में सभी बीमा कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हों तथा सरकार की मंशा के अनुरूप लोगों को बीमा का लाभ दिया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कार्यक्रम की समुचित मॉनिटरिंग के लिए वॉटसएप्प ग्रुप बनाने के भी निर्देश प्रदान किए। बैठक में समिति के सदस्य सचिव राज्य बीमा एवं एसआईपीएफ की संयुक्त निदेशक योगबाला सुंडा, अतिरिक्त कोषाधिकारी प्रियंका लांबा, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पीसी बुनकर, सीएमएचओं डॉ. दयानंद सिंह, जिला जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह, बीमा कंपनी के प्रतिनिधि ऋषिराज राठौड आदि मौजूद रहे।

- **कलेक्टर ने जिला स्तरीय बीमा समिति की पहली मासिक बैठक को संबोधित कर निर्देश दिए**

तीन दिवसीय राजपेडिकॉन आयोजित

झुंझुनूं,(निसं)। तीन दिवसीय राजपेडिकॉन में प्रदेशभर के 1400 शिशु रोग विशेषज्ञों के द्वारा नवीनतम तकनीक से उपचार, नवीन शोध कार्यों पर गहन चर्चा की गई। विगत वर्षों में झुंझुनूं के वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र भांबू के द्वारा आमजन को बेहतरीन सेवाएं प्रदान करने एवं नवजात शिशुओं की एनआईसीयू केयर, पब्लिक हेल्थ केयर में उत्कृष्ट कार्य, नवजात शिशु के एडवांस्ड नियोनेटल रिस्सिटेशन प्रोग्राम के तहत शिशु रोग विशेषज्ञों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षित करने, विभिन्न कार्यक्रमों में टीओटी का कार्य करने, भारत सरकार द्वारा संचालित सांस कार्यक्रम की जागरूकता करने, भारतीय शिशु अकादमी के क्रियाकलापों को सामान्य भाषा में आमजन तक पहुंचाने में महत्ती भूमिका निभाई है।

जयपुर में आयोजित राजपेडिकॉन के वार्षिक कार्यक्रम में भारतीय शिशु अकादमी के प्रेजिडेंट डॉ. एम कलात्कार, पूर्व प्रेजीडेंट डॉ. जीवी बसावराजा, प्रेजिडेंट इलेक्ट डॉ. नीलम मोहन, प्रदेश प्रेजीडेंट डॉ. रामबाबू शर्मा के द्वारा वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र भांबू को राजस्थान का यंग अचीवर अवार्ड से नवाजा गया है एवं इनके कार्यों की सराहना की गई है।

दो दिवसीय कार्यक्रम का होगा आयोजन

खेतडी,(निसं)। कस्बे के अजीत विवेक संग्रहालय परिसर में मंगलवार को विरासत दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। रामकृष्ण मिशन सचिव स्वामी आत्मनिष्ठा नंद महाराज की अध्यक्षता में हुई बैठक में कार्यकर्ताओं को अलग अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है। मिशन सचिव स्वामी आत्मनिष्ठा नंद महाराज ने बताया कि स्वामी विवेकानंद के खेतडी में आने के 126 वर्ष पूर्ण होने पर 14वां खेतडी विरासत दिवस समारोह 12 दिसंबर को मनाया जाएगा। स्वामी विवेकानंद व देश को सनातन धर्म की अग्रिम पंक्ति में खडा करने में खेतडी विरासत ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। खेतडी नरेश राजा अजीत सिंह के सहयोग से स्वामी विवेकानंद 1893 में शिकागो धर्म सम्मेलन में पहुंचे थे, जहां उन्होंने सनातन धर्म संस्कृति का परचम लहराते हुए देश को विश्व में विख्यात कर दिया था। राजा अजीत सिंह व स्वामी विवेकानंद की गहरी मित्रता के चलते खेतडी को अलग पहचान मिल पाई थी, जिसकी बदौलत खेतडी में आज भी दो महान विभूतियों की दोस्ती ओर उनकी यादों को चिरस्थाई बनाने के लिए इस प्रकार के ऐतिहासिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि विरासत दिवस को भव्य रूप से मनाया जाएगा। विरासत दिवस की तैयारी को लेकर अजीत विवेक संग्रहालय को भव्य रूप से सजाया जाएगा। इसके अलावा स्वामी विवेकानंद व राजा अजीत सिंह की झांकियां सजाकर पूरे कस्बे में नगर भ्रमण करवाया जाएगा। खेतडी में विरासत दिवस पर होने वाले कार्यक्रम भारतीय संस्कृति को बढावा देने में अपनी अलग पहचान रखते हैं। वहीं क्षेत्र की जनता को भी धर्म व संस्कृति के प्रति आगे बढाने के लिए प्रेरित करती है। बैठक में समारोह को हर्षोल्लास व भव्यता से मनाने का निर्णय हुआ और कार्यकर्ताओं को इसके निमित्त जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक में निर्भयराम शास्त्री, राजेंद्र सिंह, अशोक सिंह, कालीचरण, सुरेश कुमार, विमल कुमार, मोहित सैनी, प्रवीण कुमार, दिनेश कुमार, गोकुलराम, हरेंद्र कुमार, प्रदीप सुरोलिया, डॉ. राघवेन्द्र पाल, चंद्रमोहन सैनी, अजय शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद थे।

- **विरासत दिवस की तैयारियों के लिए बैठक का हुआ आयोजन**

सनातन को बचाने के लिए प्रत्येक हिन्दू अपना योगदान दें : गिरी महाराज

झुंझुनूं,(निसं)। सनातन व हिंदुत्व की रक्षा और एकता को लेकर शेखावाटी संतों के सानिध्य में निकाली जा रही समरस सनातन यात्रा के 15 दिसंबर को झुंझुनूं पहुंचने की पूर्व तैयारियों को लेकर स्थानीय राणी शक्ति रोड स्थित तुलस्यान बंसल भवन में शहर के गणमान्यजनों की उपस्थिति में एक बैठक का आयोजन किया गया। संयोजक उमाशंकर महमिया ने बताया कि आगामी 15 दिसंबर को झुंझुनूं आने वाली समरस सनातन यात्रा को भव्य व सफल बनाने के लिए बुद्ध गिरी मठ फतेहपुर के पीठाधीश्वर दिनेश गिरी महाराज, दादू द्वारा बगड पीठ के महंत महामंडलेश्वर डॉ. अर्जुन दास महाराज, चंचल नाथ टीले के पीठाधीश्वर ओमनाथ महाराज, फलहारी आनंद गिरि महाराज व मोहन योगी महाराज ने अपने प्रवचनों के माध्यम से लोगों को जागरूक कर यात्रा उद्देश्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी। संतों ने कहा कि यात्रा के माध्यम से सनातन हिंदू एकीकरण की भावनाओं को जागृत करने पर बल मिलेगा जिसकी आज महत्ती आवश्यकता है । दिनेश गिरी महाराज ने कहा कि देशभर में अलग अलग स्थानों से संतों के द्वारा इस प्रकार की यात्राए निकाली जा रही हैं । बिखरे हिंदू समाज को एकजुट करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम होगा। बैठक में आतिथ्य स्वागत भाषण राजकुमार मोरवाल ने किया । धन्यवाद संयोजक उमाशंकर महमिया ने दिया जबकि संचालन रामगोपाल महमिया ने किया । कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विभाग संध चालक मुकेश, जिला कार्यवाह योगेंद्र सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष बनवारी लाल सैनी, भाजपा वरिष्ठ नेता विशंभर पूनिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष अध्यक्ष कमल कान्त शर्मा, डॉ. संजय कटेवा, भाजपा नेता मुरारी लाल सैनी थे। इस मौके पर अनिल जांगिड, विनोद सिंघानिया, शिव चरण पुरोहित, नवल खंडेलिया, प्रमोद खंडेलिया, राकेश शहल, अनुप गाडिया, रूपेश तुलस्यान, श्रीकांत पंसारी, किशन छक्कड, पार्षद संजय पारीक, पार्षद विनोद जांगिड, रघुनाथ पोद्दार, कैलाश सिंघानिया, अमरनाथ जांगिड, ललित जोशी, डब्लू शर्मा, प्रदीप पाटोदिया, पार्षद चंद्र प्रकाश , पार्षद संदीप चांवरिया, महेश जिनगर, ममता, वनीता, मनोहर , श्रवण गोयनका, जगदीश गोस्वामी सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे।

समरस सनातन यात्रा को भव्य व सफल बनाने के लिए बुद्ध गिरी मठ फतेहपुर के पीठाधीश्वर दिनेश गिरी महाराज ने जानकारी दी

- **संतों ने कहा कि यात्रा के माध्यम से सनातन हिंदू एकीकरण की भावनाओं को जागृत करने पर बल मिलेगा**

जलदाय विभाग पर किया प्रदर्शन

सीकर । सीकर शहर के वार्ड नंबर 41 में पिछले लंबे समय से चल रही पानी की समस्या को लेकर आज क्षेत्र के लोगों ने जलदाय विभाग पहुंचकर प्रदर्शन किया तथा अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया वार्ड नंबर 41 के गोगामेडी क्षेत्र और ख़ातियो की गली मैं पिछले लंबे समय से पानी की समस्या बनी हुई है समस्या को लेकर कई बार जलदाय विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया लेकिन निदान नहीं हुआ हालांकि एक बार जलदाय विभाग के सहायक अभियंता ने मौके पर पहुंचकर समस्या का जायजा भी लिया था लेकिन निदान नहीं हो सका आज क्षेत्र के लोगों ने जलदाय विभाग पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए शीघ्र समस्या के निदान की मांग रखी जलदाय विभाग के सहायक अभियंता प्रमोद कुमार ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल सप्लाई को दुरुस्त करने सहित क्षेत्र में अति शीघ्र इलाके में ट्यूबवेल लगाने का आश्वासन दिया हम आपको बता दें कि वार्ड नंबर 41 के कई क्षेत्रों में गर्मी से लेकर अभी तक पानी की भयंकर समस्या बनी हुई है जबकि सर्दी दस्तक दे चुकी है लेकिन समस्या यथावत बनी हुई है।

सार-समाचार

विभिन्न समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

उदयपुरवाटी । नि,सं। सामाजिक संस्था लोक सेवा ज्ञान मन्दिर ट्रस्ट उदयपुरवाटी की स्थानीय इकाई द्वारा विश्व दिव्यांग दिवस पर उदयपुरवाटी उपखंड अधिकारी के मार्फ़त जिला कलेक्टर नीम का थाना को ट्रस्ट के उपाध्यक्ष भरत प्रजापति की अगुवाई में ज्ञापन सौंपा।संस्था के उपखंड प्रभारी एडवोकेट अजय तसीड. ने बताया उदयपुरवाटी उपखंड स्तर पर पिछले 36 महीनों से दिव्यांगों के लिए मेडिकल सर्टिफिकेट कैम्प नही लगें है।सर्टिफिकेट से वंचित दिव्यांगजनों को राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ नही मिल रहा हैं।तसीड. ने बताया नीम का थाना पीएमओ ऑफिस उदयपुरवाटी से बहुत दूर है तथा ऑफिस में विशेष योग्यजनों के लिए कोई विशेष व्यवस्था नही है।ज्ञापन में बताया कि समय पर दिव्यांगों के यूडीआइडी कार्ड अप्रूवल नही करने से सैकड़ों दिव्यांगों की पेंशन बंद हो गयी हैं तथा अधिकतर का पेंशन सत्यापन नही हो रहा है।जिला कलेक्टर से गुहार लगाते हुए कहा कि महीने में एक बार उदयपुरवाटी उपखंड स्तर पर दिव्यांगों के लिए मेडिकल सर्टिफिकेट कैम्प लगाया जावें तथा मौके पर ही यूडीआइडी कार्डों का सत्यापन किया जावें।पार्षद प्रतिनिधि कुलदीप कटारिया,भगीरथ सैनी,सज्जन सैनी,एडवोकेट मुनेश तसीड., शीशपाल सैनी,दिव्यांग राकेश ,दिव्यांग भरत प्रजापति,उपस्थित रहे।

विशाल शिविर ज्वाल कार्यक्रम का आयोजन

झुंझुनूं,(निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनूं के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय स्काउट गाइड प्रतियोगिता रैली (मिनी जंबूरी) के अंतिम रात्रि विशाल शिविर ज्वाल कार्यक्रम का आयोजन सूरजगढ विधायक श्रवण कुमार के मुख्य आतिथ्य एवं पिलानी विधायक पितराम सिंह काला की अध्यक्षता में समारोहपूर्वक आयोजित किया गया। सी.ओ. स्काउट महेश कालावत ने बताया कि मिनी जंबूरी के अंतिम दिन रात्रि विशाल शिविर ज्वाल कार्यक्रम में अलसीसर, बुहाना, चिडावा, गुढागौडजी, झुंझुनूं, खेतडी, माननगर, नवलगढ, पिलानी, उदयपुरवाटी, मंडावा एवं सूरजगढ के स्काउट्स गाइड्स ने एक से बढकर एक राजस्थानी लोक नृत्य पर विभिन्न भाव भंगिमाओं के माध्यम से नृत्य करते हुए उपस्थित आमजन एवं अन्य स्काउट गाइड को मंत्र मुग्ध कर मोहित कर दिया। इस अवसर पर विधायक श्रवण कुमार ने कहा कि स्काउट गाइड अपने आप में विश्वव्यापी अनूठा संगठन है यहां पर केवल और केवल संस्कार निर्माण की शिक्षा दी जाती है, युवाओं का चारित्रिक एवं मानसिक विकास किया जाता है। विधायक श्रवण कुमार ने राजनीतिक सुचिता की बात करते हुए कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति ईमानदारी से कार्य करें तो हमारा देश विश्व का सबसे शक्तिशाली संपन्न राष्ट्र बन सकता है, लेकिन आज के युवा को दिग्भ्रमित एवं पथ भ्रमित होने की आवश्यकता नहीं है, वह अपने सामर्थ्य को पहचानकर आगे बढे। उन्होंने स्काउट गाइड द्वारा प्रस्तुत किए गए विभिन्न कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि वह अपनी ओर से स्थानीय संघ सूरजगढ में भवन निर्माण हेतु विधायक कोटा से राशि का आवंटन करेंगे।

विशेष सेमीनार का आयोजन हुआ

झुंझुनूं,(निसं)। डिवाइन इंटरनेशनल स्कूल झुंझुनूं में छात्रों और अभिभावकों के लिए एक विशेष सेमीनार का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य मोबाइल एडिक्शन से मुक्ति के उपायों पर जागरूकता बढाना था। इस सेमीनार में कक्षा पांच तक के छात्रों और उनके अभिभावकों सहित 3०० से अधिक लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एरिज इंस्टीट्यूट यूएसए के प्रमाणित काउंसलर अक्षय पारीक ने मोबाइल की लत से छुटकारा पाने के लिए 5० से अधिक समाधान, सुझाव और उपयोगी तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बच्चों और अभिभावकों को मोबाइल के सीमित और जिम्मेदार उपयोग के महत्व को समझाते हुए कई व्यावहारिक टिप्स साझा किए। उन्होंने बताया कि उनकी संस्था के पास 22 से ज्यादा ऐसी तकनीक और टूल्स है। जिनका उपयोग करके अभिभावक आसानी से बच्चों की मोबाइल की लत को दूर कर सकता है। सह वक्ता के रूप में ब्रेनोसेट ब्रेन मैपिंग लैब इंडिया की मैनेजिंग डायरेक्टर दीपा जैन ने मोबाइल के अत्यधिक उपयोग के मनोवैज्ञानिक और शारीरिक प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की। सेमीनार के अंत में, स्कूल के उप प्रधानाचार्य चंद्रप्रकाश गढवाल ने वक्ताओं को उनके बहुमूल्य योगदान और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया। वक्ताओं ने भी स्कूल प्रबंधन के सीईओ डॉ. विवेक चौधरी और प्रधानाचार्य डॉ. अनंत शर्मा का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों और अभिभावकों को सही दिशा मिलती है। इस सेमीनार ने बच्चों और अभिभावकों को मोबाइल एडिक्शन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया और इससे मुक्ति पाने के लिए उपयोगी रणनीतियां प्रदान कीं। अभिभावकों ने बच्चों को मोबाइल की लत को छुडाने के लिए ब्रेन मैपिंग लैब द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधाओं को बच्चों को काउंसलिंग विभाग से उपलब्ध करवाया। यह कार्यक्रम ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। जिससे सभी उपस्थित लोग मोबाइल उपयोग के प्रति अधिक सतर्क और जागरूक हो गए।

दिव्यांगजनों को किया सम्मानित

चूरू, (का.सं.)। राजकीय बागला उच्च माध्यमिक विद्यालय में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से राज्य स्तर पर जिले के तीन दिव्यांगजनों को सम्मानित किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर विधायक हरलाल सहारण ने दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया । कार्यक्रम में 28 दिव्यांगजनों एवं दिव्यांगजनों के क्षेत्र में कार्य करने वाले व्यक्तियों व संस्थाओं को जिला कलेक्टर की ओर से प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में विधायक हरलाल सहारण ने प्रधानमंत्री मोदी की ओर से विकलांग के स्थान पर दिए गए दिव्यांग शब्द को अभूतपूर्व बताया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक नगेन्द्र सिंह राठौड़ ने दिव्यांगजनों के कल्याणार्थ संचालित विविध योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्वेता कोचर ने की।

शिविर का आयोजन

सादुलपुर, । माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू के अध्यक्ष जिला एवं सेशन न्यायाधीश रविन्द्र कुमार एवं शरद कुमार व्यास सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू, दीपक पाराशर अध्यक्ष ताल्लुका विधिक सेवा समिति के निर्देशन में दिनांक ०3 दिसम्बर मंगलवार को जागरूकता कैम्प कृषि उपज मण्डी राजगढ में लगाया गया।

Advertisement for Destruction of MRD Records. This is to inform that We (Ruchika Nursing Home Fertility and Research Centre , Sikar) wants to destroy the medical records from the period of year 2015 to 2020. We inform that if any one wants there Medical Records between this period please contact Hospital within (30 day's) one months, otherwise the records will be destroy. **With Regards**
Dr. Sharda Mehla

कार्यालय नगरपालिका मंडल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)
क्रमांक :- नपारा/भूमि/2024/ दिनांकः-03.12.2024
आपत्ति-आमंत्रण सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री गुरमेल सिंह पुत्र श्री जगरूप सिंह जाति जट सिख निवासी वार्ड नं 17 नया रावतसर द्वारा आवेदन कर अपने-अपने नामांतरण शुदा भूखण्ड (02 अलग-अलग भूखण्ड) का 69 क के तहत पटटा चाहा है। उक्त भूखण्ड का मूल पटटा श्री ईशरसिंह - इन्द्रसिंह पुत्र श्री नन्दसिंह के नाम भूखण्ड साईज 444.44 वर्गगज का दिनांक 14.09,1955 का तत्कालीन ग्राम पंचायत रावतसर द्वारा जारी गुदा है। उक्त भूख